**कक्षा - V**

**पूर्व मध्यावधि (मई परीक्षा - 2024)**

**नाम -** **दिनाँक- 22.05.24**

**अनुक्रमांक -** **कुल अंक- 40**

**समय अवधि - 2 घंटे** **विषय - हिन्दी**

**भाग - क**

**क सही विकल्प चुनें -** **(2)**

1 आदमी ने पेड़ की शाखाएँ काटकर क्या बनाया ?

i) दुकान ii) घर iii) नाव

2 सब पर किसकी निर्मल छाया है ?

i) सूरज की ii) चाँद की iii) नभ की

3 बड़ा होने पर लड़के को किसकी ज़रूरत थी ?

i) पैसों की ii) फलों की iii) पेड़ों की

4 हम सब किसकी संतान हैं ?

i) एक धरा की ii) इंसान की iii) आसमान की

**ख निम्न शब्दों के अर्थ लिखें -** **(4)**

5. अधेड़ 6. निगाहें 7. बख्श देना 8. अंतर-प्राण

**ग विलोम शब्द लिखें -** **(2)**

9. विशेष 10. गिरना

**घ हिन्दी पर्याय लिखें -** **(2)**

11. इशारा 12.ज़िंदगी

**ङ उद्धरण पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें -** **(3)**

" मैं तो बहुत बड़ा धनवान हूँ । मैं बिलावजह खुदा को अपनी गरीबी की शिकायत कर रहा था । "

13 यह उद्धरण किस पाठ में से लिया गया है ?

14 'मैं' शब्द किस के लिए प्रयोग हुआ है ?

15 गरीबी की शिकायत किससे की जा रही है ?

## भाग - ख

**च गदयांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें -** **(5)**

नीम हर रोग से मुक्ति दिलाता है । इसे 'गाँव का हकीम' भी कहा जाता है । नीम केवल दवाओं के काम ही नहीं आता बल्कि इसके अन्य उपयोग भी हैं । इसके सूखे पत्तों को जलाने पर निकलने वाले धुएँ से मच्छर भाग जाते हैं । गरम कपड़ों में नीम के पत्ते रखने से उनमें कीड़ा नहीं लगता । खाद में इसका प्रयोग करने से यह कीटनाशक का काम करता है । नीम की पत्तियाँ चबाने से रक्त शुद्ध होता है । नीम का उबटन लगाने से त्वचा चमकदार हो जाती है । नीम अत्यंत उपयोगी वृक्ष है ।

16 नीम को और किस नाम से जाना जाता है ?

17 क्या करने से मच्छर भाग जाते हैं ?

18 नीम से रक्त कैसे शुद्ध होता है ?

19 'अनुपयोगी' शब्द का विलोम शब्द गदयांश में से ढूँढकर लिखें ।

20 'खून' शब्द का एक समानार्थी गदयांश में से ढूँढकर लिखें ।

**छ रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखें -** **(1)**

21 कभी किसी से <u>घृणा</u> मत करो । ______________________________

22 मुझे <u>पानी</u> पीना है । ______________________________

**ज रिक्त स्थानों में उचित संज्ञा शब्द भरें -** **(2)**

23 बस स्टैंड पर बहुत __________________ थी ।

24 पेड़ों पर __________________ बैठे हैं ।

**झ दो-दो समानार्थी शब्द लिखें -** **(2)**

25. दिन 26. इच्छा

**ञ अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कर के लिखें -** **(2)**

27. अम्रत 28. क्योंकी 29. कृप्या 30. पड़ाई

**ट विलोम शब्द लिखें -** **(2)**

31. आयात 32. उन्नति

## भाग - ग

**ठ अति लघु प्रश्न-** **(1x3=3)**

33. सादी का पालन-पोषण किस ने किया था ?

34. धरती पर अलग-अलग देश किस ने बनाए हैं ?

35. पेड़ ने युवक को पैसे प्राप्त करने का क्या तरीका बताया?

**ड लघु प्रश्न-** **(1.5x2=3)**

36. कवि को इंसान से क्या शिकायत है ?

37. चाँद दिखने की बात से सादी खुश क्यों था ?

**ण मूल्यपरक प्रश्न -** **(2)**

38. सादी को जीवन की कौन-सी सच्चाई समझ आ गई ?

**त पत्र-लेखन -** **(5)**

39. मान लीजिये आपका नाम पंकज है । आपके मित्र का नाम आकाश है । दशहरे की छुट्टियाँ साथ बिताने का निमंत्रण देते हुए मित्र को पत्र लिखें ।

Bal Bharati PUBLIC SCHOOL LUDHIANA

**कक्षा - V**

**पूर्व मध्यावधि( मई परीक्षा - 2024)**

**नाम -** **उत्तर कुंजी** **दिनाँक- 22.05.24**

**अनुक्रमांक -** **कुल अंक- 40**

**समय अवधि - 2 घंटे** **विषय - हिन्दी**

**भाग - क**

**क सही विकल्प चुनें -** **(2)**

1 आदमी ने पेड़ की शाखाएँ काटकर क्या बनाया ?

i) दुकान ✓**ii) घर** iii) नाव

2 सब पर किसकी निर्मल छाया है ?

i) सूरज की ii) चाँद की ✓**iii) नभ की**

3 बड़ा होने पर लड़के को किसकी ज़रूरत थी ?

✓**i) पैसों की** ii) फलों की iii) पेड़ों की

4 हम सब किसकी संतान हैं ?

✓**i) एक धरा की** ii) इंसान की iii) आसमान की

**ख निम्न शब्दों के अर्थ लिखें -** **(4)**

5. अधेड़-**युवा अवस्था को पार किया हुआ व्यक्ति** 6. निगाहें-**दृष्टि** 7. बख्श देना-**माफ़ करना**
8. अंतर-प्राण- **हृदय**

**ग विलोम शब्द लिखें -** **(2)**

9. विशेष-**साधारण** 10. गिरना - **उठना,संभलना**

**घ हिन्दी पर्याय लिखें -** **(2)**

11. इशारा-**संकेत , इंगित** 12.ज़िंदगी-**जीवन**

**ङ उद्धरण पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें -** **(3)**

**" मैं तो बहुत बड़ा धनवान हूँ । मैं बिलावजह खुदा को अपनी गरीबी की शिकायत कर रहा था । "**

13 यह उद्धरण किस पाठ में से लिया गया है ?

**उ- यह उद्धरण 'बहुत बड़ा धनवान' पाठ से लिया गया है ।**

14 'मैं' शब्द किस के लिए प्रयोग हुआ है ?

**उ- 'मैं' शब्द सादी के लिए प्रयोग हुआ है ।**

15 गरीबी की शिकायत किससे की जा रही है ?

**उ- गरीबी की शिकायत खुदा से की जा रही है ।**

**भाग - ख**

**च गदयांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दें -** **(5)**

नीम हर रोग से मुक्ति दिलाता है । इसे 'गाँव का हकीम' भी कहा जाता है । नीम केवल दवाओं के काम ही नहीं आता बल्कि इसके अन्य उपयोग भी हैं । इसके सूखे पत्तों को जलाने पर निकलने वाले धुएँ से मच्छर भाग जाते हैं । गरम कपड़ों में नीम के पत्ते रखने से उनमें कीड़ा नहीं लगता । खाद में इसका प्रयोग करने से यह कीटनाशक का काम करता है । नीम की पत्तियाँ चबाने से रक्त शुद्ध होता है । नीम का उबटन लगाने से त्वचा चमकदार हो जाती है । नीम अत्यंत उपयोगी वृक्ष है ।

16 नीम को और किस नाम से जाना जाता है ?

**उ- नीम को 'गाँव का हकीम' नाम से भी जाना जाता है ।**

17 क्या करने से मच्छर भाग जाते हैं ?

**उ- नीम के सूखे पत्तों को जलाने पर निकलने वाले धुएँ से मच्छर भाग जाते हैं ।**

18 नीम से रक्त कैसे शुद्ध होता है ?

**उ-नीम की पत्तियाँ चबाने से रक्त शुद्ध होता है ।**

19 'अनुपयोगी' शब्द का विलोम शब्द गदयांश में से ढूँढकर लिखें ।

**उ- उपयोगी ।**

20 'खून' शब्द का एक समानार्थी गदयांश नें से ढूँढकर लिखें ।

**उ- रक्त ।**

**छ रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखें -** **(1)**

21 कभी किसी से घृणा मत करो । **भाववाचक संज्ञा**

22 मुझे पानी पीना है । **द्रव्यवाचक संज्ञा**

**ज रिक्त स्थानों में उचित संज्ञा शब्द भरें -** **(2)**

23 बस स्टैंड पर बहुत **भीड़** थी ।

24 पेड़ों पर **पंछी , तोते, कबूतर , बंदर** बैठे हैं ।

**झ दो-दो समानार्थी शब्द लिखें -** **(2)**

25. दिन- दिवस ,वार ,वासर    26. इच्छा- **चाह , कामना , अभिलाषा , लालसा**

**ञ अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कर के लिखें -** **(2)**

27. अम्रत- **अमृत**    28. क्योंकी- **क्योंकि**    29. कृप्या- **कृपया**    30.पड़ाई- **पढ़ाई**

**ट विलोम शब्द लिखें -** **(2)**

31. आयात - **निर्यात**    32. उन्नति - **अवनति**

**भाग - ग**

**ठ अति लघु प्रश्न-** **(1x3=3)**

33 सादी का पालन-पोषण किस ने किया था ?

**उ- सादी का पालन-पोषण उसकी माँ ने किया था ।**

34 धरती पर अलग-अलग देश किस ने बनाए हैं ?

**उ- मानव ने ही धरती पर अलग-अलग देश बनाए हैं ।**

35 पेड़ ने युवक को पैसे प्राप्त करने का क्या तरीका बताया ?

**उ- पेड़ ने युवक को बताया कि उसके फल तोड़कर बाज़ार में बेचने पर उसे पैसे मिल जाएँगे ।**

**ड लघु प्रश्न-** **(1.5x2=3)**

36 कवि को इंसान से क्या शिकायत है ?

**उ- कवि को इस बात की शिकायत है कि इंसान जाति,धर्म,देश आदि के नाम पर भेदभाव क्यों करता है?**

37 चाँद दिखने की बात से सादी खुश क्यों था ?

**उ- ईद का त्योहार चाँद दिखने के बाद मनाया जाता है । इसलिए चाँद दिखने की बात से सादी खुश था ।**

**ण मूल्यपरक प्रश्न -** **(2)**

38 सादी को जीवन की कौन-सी सच्चाई समझ आ गई ?

**उ- सादी को समझ आ गया था कि धन-दौलत के अभाव में कोई गरीब नहीं होता । हमारे हाथ-पैर , आँख-कान ही सबसे बड़ी दौलत हैं । दुनिया में गरीब तो वे लोग हैं जो दौलत होने के बावजूद देख, सुन या चल नहीं सकते ।**

**त पत्र-लेखन -** **(5)**

39 मान लीजिये आपका नाम पंकज है । आपके मित्र का नाम आकाश है । दशहरे की छुट्टियाँ साथ बिताने का निमंत्रण देते हुए मित्र को पत्र लिखें ।

**छात्र-गण स्वयं करेंगे ।**